# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 11.06.2025 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 11.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 12.00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. श्री जगदीश नारायण राय, मा0 विधायक–जफराबाद, जौनपुर।
2. श्री रमेश चंद्र मिश्रा, मा0 विधायक–बदलापुर, जौनपुर।
3. श्री पंकज पटेल, मा0 विधायक–मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।
4. प्रतिनिधि मा0 सदस्य विधान परिषद, स्नातक क्षेत्र।
5. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–करंजाकला, जौनपुर।
6. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–सिकरारा, जौनपुर।
7. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–खुटहन, जौनपुर।
8. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–सुईथाकला, जौनपुर।
9. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
10. परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।
11. जिला सूचना अधिकारी, जौनपुर।
12. उपायुक्त श्रम रोजगार, जौनपुर।
13. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
14. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), जौनपुर।
15. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
16. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
17. श्री प्रवीण मोसाले/श्री शेख हुसैन बासा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी)।
18. श्री धर्मेन्द्र सिंह, ए0जी0एम0, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1. सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगण का स्वागत एवं अभिनन्दन सम्बोधन किया गया। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनपद के निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का कवर एग्रीमेन्टवाइज प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा पेयजल योजनाओं की कवर एग्रीमेन्टवाइज गहन समीक्षा की गयी, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।**

1 प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताये गये प्रगति रिपोर्ट के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा कवर एग्रीमेन्टवाइज पेयजल योजनाओं के कार्य की समाप्ति की तिथि समाप्त हो जाने के उपरान्त भी योजनाओं के पूर्ण न होने का कारण जानने की बात कही गयी, अपेक्षित उत्तर न मिलने पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बरसात आरम्भ होने के पूर्व समस्त घटकों के कार्य पर्याप्त मात्रा में मैनपॉवर एवं संसाधन बढ़ाकर युद्ध स्तर पर किया जाय एवं कार्य की प्रगति में अपेक्षित वृद्धि की जाय।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | 7171 | 6507 | 196952 | 181074 | 1272 | 1224 | 355 | 217 | 355 | 82 | 884 | 152 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)
एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 78.25 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 76.81 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 75.22 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 79.91 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 69.46 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 68.66 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 67.63 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 65.66 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 74.05 |
| | Total- | 355 | 72.85 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)

2. मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के ए0जी0एम0 से योजनाओं के कवर एग्रीमेन्टवाइज प्रगति की जानकारी ली गयी, संतोषजनक प्रगति न होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं यह जानकारी ली गयी कि कब तक योजनाओं को पूर्ण किया जायेगा इसके लिए फर्म के ए0जी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि जिन–जिन योजनाओं के कार्य आरम्भ किया जा चुका है, उन योजनाओं को माह–दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करा दिया जायेगा।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | 16793 | 13424 | 374005 | 330723 | 2056 | 1997 | 853 | 527 | 869 | 151 | 2253 | 488 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | 78.89 |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | 77.27 |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | 71.57 |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | 71.23 |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | 71.52 |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | 69.79 |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | 60.20 |
| 8 | 30.06.2024 | 101 | 66.65 |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | 65.53 |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | 57.58 |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | 58.07 |
| Total | | 870 | 68.03 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)

3. मा0 विधायक, विधान सभा–जफराबाद श्री जगदीश नारायण राय जी द्वारा अपने विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की गयी एवं अवगत कराया गया कि कई ग्राम पंचायतों में कार्य आरम्भ कराने के पश्चात् वर्तमान में कई महीनों से कार्य बन्द पाया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान काटी गयी सड़कों का समय से व गुणवत्तापूर्ण रोड रेस्टोरेशन का कार्य नहीं कराया जा रहा है जो कि उचित नहीं है, इसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया एंव अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर समस्त मा0 जनप्रतिनिधिगण से सम्बन्धित क्षेत्रों में सम्बन्धित अधिकारियों को भेजकर उनके विधान सभा क्षेत्र में कराये गये कार्यों का फीडबैक दें साथ ही साथ प्रत्येक ग्राम पंचायतों की विभागवार काटी गयी सड़कों की सूची बना लिया जाय एवं कितनी सड़कों का रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा दिया गया है तथा अवशेष सड़कों को यथाशीघ्र ठीक कराकर सूचित किया जाय।

4. मा0 विधायक, विधान सभा–बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा जी द्वारा अपने विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी एवं अपेक्षित कार्य न कराये जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि ग्राम बरबसपुर, बेलांवा, कटेहरी, मसनपुर, देवरिया, चेती पोखरा, रारीकला, रारी खुर्द, अनुसार बघारीकला का पानी गुणता प्रभावित है जिसका कार्य तक आरम्भ नहीं किया गया है एवं फर्म के इंजीनियरों द्वारा बार–बार आश्वासन देने के बावजूद भी अभी तक कार्य आरम्भ नहीं कराया गया है तथा यह भी अवगत कराया गया कि नदी के किनारे जिन–जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की अधिक समस्या है वहाँ पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाय एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराया जाय। मा0 विधायक जी द्वारा पेयजल से समस्याग्रस्त व मानक के अनुरूप न कराये गये कार्य के ग्रामों की सूची अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी गयी जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि जिन ग्राम पंचायतों के पानी गुणता प्रभावित है, उन ग्रामों की सूची तैयार कर सम्बन्धित ग्राम प्रधान व सम्बन्धित राजस्व अधिकारी से संपर्क कर भूमि प्राप्त कर

लिया जाय एवं पानी की आवश्यक जांच कराकर पेयजल की गुणता सुनिश्चित कराने के उपरान्त ही कार्य कराया जाय। मा0 विधायक जी द्वारा दिये गये ग्रामों की सूची का सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

5. मा0 विधायक, विधान सभा–मुंगराबादशाहपुर श्री पंकज पटेल जी द्वारा अपने विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की गयी। फत्तूपुर कला ग्राम पंचायत गुणता प्रभावित ग्राम है जिसमें कार्य अभी तक आरम्भ नही कराया गया है। मेरे विधान सभा क्षेत्र में मुस्तफाबाद से कान्हापुर रोड में पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान काटी गयी सड़कों का अभी तक रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है जिसके कारण उक्त रोड पर आवागमन में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि मा0 विधायक जी द्वारा उक्त वर्णित रोड का रेस्टोरेशन कार्य त्वरित गति से कराया जाय एवं फत्तुपुर कला पेयजल योजना का कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराया जाय।

6. मा0 ब्लाक प्रमुख, विकास खण्ड–सिकरारा द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों में पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान क्षेत्र में विभिन्न सड़कों को काटने के उपरान्त ठीक से रेस्टोरेशन कार्य नहीं कराया जा रहा है एवं अप्रसन्नता व्यक्त की गयी, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि मा0 ब्लाक प्रमुख के विकास खण्ड अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को गुणतापूर्ण कराया जाये एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य समय से कराया जाय जिससे आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

7. मा0 ब्लाक प्रमुख, विकास खण्ड–सुईथाकला द्वारा अवगत कराया गया कि उनके विकास खण्ड में जल जीवन मिशन अन्तर्गत बिछायी जा रही पाइप लाइन के दौरान काटी गयी सड़कों का रेस्टोरेशन अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है जिसके कारण आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त काटी गयी सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य तीव्र गति से कराया जाय।

8. मा0 ब्लाक प्रमुख, विकास खण्ड–खुटहन द्वारा अवगत कराया गया कि उनके ग्राम पंचायत पिलकिछा जो जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है, वहां पेयजल की अधिक समस्या है, ग्राम पंचायत में दो नग पानी की टंकी बनना प्रस्तावित है, परन्तु अभी तक एक भी कार्य आरम्भ नहीं कराया गया है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) निर्देशित किया गया कि उक्त वर्णित ग्राम को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लें एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए तत्काल रूप से कार्य पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल से लाभान्वित कराया जाय। अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वयं उक्त ग्राम का निरीक्षण करने का आश्वासन दिया गया।

9. उक्त की भांति अन्य जनप्रतिनिधिगण के प्रतिनिधियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र की जल जीवन मिशन से सम्बन्धित शिकायतों की जानकारी दी गयी जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाये एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए निस्तारण किया जाय।

10. समस्त मा0 जनप्रतिनिधिगण द्वारा अवगत कराये गये जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति व रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता के प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत काटी गयी सडकों का ग्राम पंचायतवार व विभागवार सूची तैयार करें एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य त्वरित गति से गुणतापूर्ण कराया जाये। नदियों के किनारे स्थित ग्रामों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय व समस्त मा0 जनप्रतिनिधिगण से एक सप्ताह के अन्दर संपर्क कर कार्यों की फीडबैक से अवगत करायें तथा 30 जून 2025 को समस्त विकास खण्डों के मा0 ब्लाक प्रमुखगण की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी एवं जल जीवन मिशन के अधिकारी संयुक्त रूप से विकास खण्ड में जल जीवन मिशन की बैठक करायें, साथ ही साथ अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को यह भी निर्देश दिये गये कि बरसात आरम्भ होने के पूर्व जनपद में पेयजल योजनाओं के समस्त घटकों के निर्माण कार्य में पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों एवं संसाधनों की बढोत्तरी कराकर कार्य में गति प्रदान करें एवं अपेक्षित रूप से प्रगति में वृद्धि करें।

अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त जनप्रतिनिधिगण का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वागत अभिनन्दन कर उपस्थित समस्त अधिकारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| (महेन्द्र राम)<br>अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,<br>जौनपुर | (ध्रुव खाड़िया)<br>मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,<br>जौनपुर | (डॉ0 दिनेश चन्द्र)<br>जिलाधिकारी / अध्यक्ष<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,<br>जौनपुर |

पत्रांक: 541 /जल जी0मि0/ 130 दिनांक: 2/07/2025

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. श्री जगदीश नारायण राय, मा0 विधायक–जफराबाद, जौनपुर।
3. श्री रमेश चंद्र मिश्रा, मा0 विधायक–बदलापुर, जौनपुर।
4. श्री पंकज पटेल, मा0 विधायक–मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।
5. प्रतिनिधि मा0 सदस्य विधान परिषद, स्नातक क्षेत्र।
6. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–करंजाकला, जौनपुर।
7. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–सिकरारा, जौनपुर।
8. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–खुटहन, जौनपुर।
9. मा0 ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत–सुईथाकला, जौनपुर।
10. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
11. परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।